Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:49 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 213 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 फरवरी 2026

वैलेंटाइन डे पर रिलीज हुआ...पेज-3 पर

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में घट रही है हरियाली

नैनीताल

अफजल हुसैन फौजी

पर्वतीय क्षेत्रों की बदलती आबोहवा भविष्य की हरियाली और जैव विविधता के लिए खतरा बन रही है। उत्तराखंड की पहाड़ियां अभी भी मौसम के साथ तालमेल बिठा तो रही हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों के कारण हरियाली धीरे-धीरे कम हो रही है। समय रहते ध्यान न दिया तो यह सुंदर हिमालयी राज्य अपनी हरियाली खो सकता है। एरीज समेत कई देशों के विज्ञानियों के सैटेलाइट्स से किए शोध से यह जानकारी आई है।

यह शोध डा उमेश दुम्का के नेतृत्व में भारतीय समेत विदेशी सहयोगियों की टीम ने गूगल अर्थ इंजन( जीई ई)के जरिए किया गया। जीईई एक वैश्विक प्लेटफॉर्म है जो विशाल मात्रा में सैटेलाइट डेटा को प्रोसेस करता है। यह पर्यावरण निगरानी, भूमि क्षरण, तापमान बदलाव, प्रदूषण अध्ययनों में बहुत उपयोगी है। डा उमेश दुम्का बताया कि उत्तराखंड अपनी हरी-भरी वादियों, घने जंगलों और घास के मैदानों के लिए जाना जाता है, लेकिन सैटेलाइट्स की नजर में स्थिति चिंताजनक नजर आने लगी है। बदलते मौसम के साथ घास के मैदान और जंगलों बदलाव आने लगा है और वनस्पतियों में भी बदलाव दिखने लगा है। इसका कारण जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता और मौसमी लचीलापन यानी अनियमित मौसम है। पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी से वर्षा के पैटर्न में बदलाव आने लगा है। साथ ही वनस्पति की गतिशीलता पर गहरा असर पड़ रहा है। हरियाली में गिरावट जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, कृषि विस्तार, शहरीकरण और प्रदूषण इसके प्रमुख कारण हैं ।

शोधकर्ताओं ने 2001 से 22 तक के बीच आंकड़ों के आधार डेटा का विश्लेषण किया है। डा उमेश दुम्का ने बताया कि उत्तराखंड के जंगल, घास के मैदान और घाटियां जैव-विविधता, जल संरक्षण और स्थानीय लोगों की आजीविका समेत पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। सैटेलाइट मॉनिटरिंग एक अर्ली-वार्निंग सिस्टम की तरह काम कर सकती है। यह शोध नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है।

### वर्षा के पैटर्न में भी आएगा बदलाव

डॉ. उमेश दुम्का के अनुसार इस शोध में ग्राफिक एरा व आईआईएस देहरादून, ग्रीस और ऑस्ट्रेलिया के पर्यावरण वैज्ञानिक शामिल हुए। कहा कि कृषि क्षेत्र का भवन निर्माण में बदलना अधिक चिंताजनक है, जबकि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि और हरियाली की कमी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ा रही है, बल्कि जलवायु पर असर डाल रही है। स्थिति में जल्द सुधार नहीं किया गया तो वर्षा के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### शोध

- एरीज समेत कई देशों के वैज्ञानिकों का सामूहिक शोध

## News कॉर्नर

### प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं का सहारा बनेगी सरकार

देहरादून। प्रदेश सरकार बुजुर्ग महिलाओं का सहारा बनेगी। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसके लिए राज्य भर में बुजुर्ग महिलाओं से संवाद कर सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद योजना का ड्राफ्ट तैयार कर नए वित्तीय वर्ष से इसे लागू किया जाएगा। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के मुताबिक योजना गरीब, मध्यम और सक्षम तीनों वर्गों की महिलाओं के लिए होगी। प्रदेश में जरूरतमंद महिलाओं को समाज कल्याण विभाग की ओर से अब तक केवल वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। उनके लिए पोषण या किसी अन्य तरह की मदद की जाए इस पर सरकार मंथन कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन महिलाओं के लिए पीएम पोषण योजना के तहत आसपास के स्कूलों में पके गर्म भोजन की व्यवस्था की जा सकती है।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में शिक्षक गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

रुद्रपुर। रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा को कोचिंग सेंटर संचालक अपने साथ होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि ट्रांजिट कैंप निवासी विशाल क्षेत्र में ही कोचिंग सेंटर चलाता है। कहा कि शहर की छात्रा कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती थी। तीन दिन पहले जब छात्रा कोचिंग सेंटर पहुंची तो संचालक उसे बहला फुसलाकर साथ ले गया। आरोप है कि विशाल ने छात्रा के साथ एक होटल में दुष्कर्म किया। उसने घटना की जानकारी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने घर पहुंचकर अपने पिता को आपबीती बताई। इसके बाद पिता ने ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कोचिंग सेंटर संचालक विशाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

300+ कंपनियां लेंगी हिस्सा

# दिल्ली में आज से दुनिया का सबसे बड़ा एआई इवेंट शुरू

नई दिल्ली

एजेंसी

दिल्ली के भारत मंडपम में आज से इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी।

भारत की राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस समिट के साथ 'इंडिया AI इम्पैक्ट एक्सपो 2026' भी लगेगा, जहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस पेश करेंगी। इस आयोजन का मकसद यह दिखाना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कैसे उपयोग कर बदलाव लाया जा सकता है, जिससे आम लोगों की जिंदगी बेहतर होगी। इस समिट में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित 15-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 50 से ज्यादा मंत्री इसमें हिस्सा लेंगे। राजनेताओं के साथ टेक दुनिया के बड़े नाम भी इस इवेंट में मौजूद रहेंगे। समिट में सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और बिल गेट्स जैसी बड़ी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं, भारतीय उद्योग जगत से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा संस के एन चंद्रशेखरण, इंफोसिस के नंदन नीलेकणि, भारती एंटरप्राइजेज के सुनिल भारती मित्तल, टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन और एचसीएल टेक की रोशनी नादर मल्होत्रा भी शामिल होंगी।




### दुनिया देखेगी हमारा सामर्थ्यः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट के शुभारंभ से पहले कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप इकोसिस्टम और शोध के दम पर भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति कर रहा है। पीएम मोदी ने एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट के शुभारंभ से पहले कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप इकोसिस्टम और शोध के दम पर भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है।

# कल से एक बार फिर बदलेगा मौसम, कई जिलों में बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मंगलवार से फिर मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 17 फरवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना है।

खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम का मिजाज 18 फरवरी को भी ऐसा ही रहेगा। इसके बाद 19 से 21 फरवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पर्वतीय इलाकों में बदलने वाले मौसम का बहुत अधिक असर तापमान में देखने को नहीं मिलेगा।

उधर रविवार को मैदान से लेकर पहाड़ तक खिली चटक धूप ने गर्मी का अहसास कराया। आंकड़ों पर नजर डाले तो दिन में दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 26.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 11.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य इलाकों भी हाल कुछ ऐसा ही रहा।

### मौसम

- 19 से 21 फरवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क



# घटनाः अब लापरवाही के गड्ढे में डूबने से हुई मासूम की मौत

नई दिल्ली

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक मासूम की लापरवाही के गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। एक ही महीने पहले नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता फिर दिल्ली में कमल और अब रविवार को ग्रेटर नोएडा में लापरवाही के गड्ढे का शिकार तीन साल का मासूम देवांश हो गया।

गांव दलेलगढ़ में वह अपने मामा के घर धार्मिक अनुष्ठान में आया था। शनिवार दोपहर खेलते-खेलते छह से सात फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पशुचर भूमि पर यह गड्ढा है। ग्रेनो प्राधिकरण से इसकी तारबंदी कराने के लिए शिकायत कई बार की गई थी लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं बरती है। प्राधिकरण का दावा है कि यह जमीन किसान की है।

बिलासपुर के निकट दलेलगढ़ गांव निवासी अनिल ठाकुर की बेटी अंजली की शादी सिकंदराबाद के गांव सपौनी निवासी राकेश से हुई है। अनिल शादी-विवाह समेत अन्य आयोजनों में बाल काटते हैं। गांव में डालेश्वर बाबा की समाधि पर अंजली के भाई देवेंद्र ने 41 दिन का धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया था। शनिवार को उसका अंतिम दिन था। इस दौरान भंडारा हो रहा था। भंडारे के दौरान देवांश अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते गड्ढे में डूब गया।

# भिवाड़ी में केमिकल फैक्ट्री में भयंकर आग, सात मजदूर जिंदा जले

राजस्थान

एजेंसी

राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक एक निजी औद्योगिक इकाई में लगी आग में करीब सात श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट जी-1-118 बी में सोमवार सुबह अचानक आग भड़क उठी। सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर पुलिस कंट्रोल रूम से रीको फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि आग ने कुछ ही मिनटों में भयानक रूप ले लिया और पूरी



फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि अंदर काम कर रहे श्रमिकों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार आग में झुलसकर करीब छह श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। राहत और बचाव टीम को अंदर से जो शव मिले, वे बुरी तरह जले हुए थे। कुछ शव इतने अधिक झुलस चुके थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। मृतकों की पहचान करने की कोशिश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन के अधिकारी, दमकल विभाग की कई गाड़ियां, बचाव दल और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंच गईं। पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया और आग पर काबू पाने के साथ अंदर फंसे लोगों को निकालने का अभियान चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार दो लोग अंदर फंसे होने की आशंका है। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक साफ पता नहीं चल पाया है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील पदार्थों की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के संकेत दिए हैं। साथ ही फैक्टरी के सुरक्षा इंतजामों की भी जांच की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद औद्योगिक क्षेत्र में कामकाज प्रभावित हुआ है।

# जिले भर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगर के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तजनों की भारी भीड़-भाड़ लगी रही। भक्तों ने उपवास रखकर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की।

नगर के श्री मां नयना देवी मंदिर स्थित शिवालय में रविवार को शिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी, गुफा महादेव तथा माल रोड स्थित शिव मंदिर सहित शहर के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

मां नयना देवी मंदिर के मुखय पुजारी बसंत बल्लभ पांडे ने बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की गई और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई थी और श्रद्धालु सुबह से ही भोलेनाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर मनोकामना पूर्ण होने की कामना कर रहे हैं। इसके साथ ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवडियों ने भी मंदिर में जल चढ़ाया। इस दौरान पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, भुवन कांडपाल, नवीन तिवारी, गणेश बहुगुणा और नैना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन शाह, उपसचिव प्रदीप साह तथा सुरेश मेलकानी आदि रहे।









## कुमाऊं आयुक्त ने किया जलाभिषेक

**हल्द्वानी।** आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने महाशिवरात्रि के अवसर पर छोटा कैलाश में प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने कुमाऊं मंडल एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। आयुक्त रावत ने कहा कि भगवान शिव आस्था, तप और लोककल्याण के प्रतीक हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटा कैलाश क्षेत्र में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं यह एक अद्भुत अलौकिक तीर्थ स्थल है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## श्री राम सेवक सभा परिवार ने शिवरात्रि पर प्रस्तुत किए भजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**आयोजन**

- शिव धूनी का आयोजन कर प्राणि मात्र के लिए प्रार्थना की

श्री राम सेवक सभा में रविवार को महा शिवरात्रि पर्व पर भजन तथा शिव धूनी का आयोजन कर प्राणि मात्र के लिए प्रार्थना की गई।

बता दें सतीश पांडे, रक्षित साह,राहुल जोशी तथा दिया व अनुष्का के नेतृत्व में बाल कलाकारों ने शिव स्तुति के साथ शिव भजन प्रस्तुत का सभी के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद मांगा। शिवरात्रि कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत उपाध्यक्ष अशोक साह, प्रबंधक बिमल चौधरी, कोषाध्यक्ष विमल साह, पूर्व संरक्षक गिरीश जोशी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी,पूर्व सचिव मुकुल जोशी, कैलाश बोरा, गोविंद सिंह, मोहित लाल साह, हरीश सिंह राणा, किशन सिंह नेगी तथा आनंद बिष्ट शामिल रहे।

## शिवरात्रि पर्व पर विधायक कैड़ा सुनकिया मेले का किया शुभारंभ

धारी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को धारी ब्लॉक के सुनकिया मेले का शुभारंभ किया।

स्थानीय महिलाओ व ग्रामीणों ने पहाड़ी सस्कृति और रीति रिवाज में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है मंदिर में दूर दूर से हजारों शिव भक्त पूजा अर्जना करने आते हैं। विधायक ने कहा मंदिर के विकास करने और पर्यटन से जोडने का प्रयास किया जा रहा है इस मेले को और बेहतर और भव्य रूप दिया जायेगा। विधायक कैड़ा ने कहा मंदिर के सौन्दर्यकरण व अन्य समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है पेयजल, विद्युत व्यवस्थाओं को दुरस्त करने को कहा। विधायक कैड़ा ने सभी जनप्रतिनिधियों से मेले को सफल बनाने में अपना सहयोग करने की अपील की। क्षेत्र के लोगो ने विधायक कैड़ा का स्वागत कर धन्यवाद दिया! विधायक कैडा के साथ मंदिर समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सभी शिव भक्त ग्रामीण जन मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा अस्था का सैलाब



रुद्रपुर। जिले के विभिन्न नगरों और कस्बों में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास, आस्था और पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिरों और शिवालयों में अलसुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आईं। हर-हर, बम -बम के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। जलाभिषेक को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग जवान और महिलाओं में खासा जोश दिखाई दिया।
महाशिवरात्रि पर मंदिरों को भी भव्य ढंग से सजाया गया था। कहीं मेले लगे तो कहीं मेले जैसा नजारा दिखाई दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिरों के आसपास सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए थे।

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल** । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 5800वें दिन भी जारी रहा।
पौधारोपण अभियान के 5800वें दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर सीराकोट स्थित मलयनाथ स्वामी मंदिर परिसर में नगर पालिका डीडीहाट के अध्यक्ष गिरीश चूफाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया। गिरीश चूफ ाल ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में पौधारोपण करना सौभाग्यशाली है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह समेत प्रमोद डिगारी तथा गणेश मेहता शामिल रहे।

### नैनीताल क्षेत्र में सड़क किनारे लग रहे निर्माण सामग्री के ढेर

**नैनीताल** । नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में सड़कों के किनारे निर्माण सामग्री पत्थर व रेता उतारकर ढेर लगाए जा रहे हैं जिससे सड़क किनारे फैल रही रेता दुर्घटना का कारण बन सकती है। बतादें कि बीते लंबे समय से नैनीताल हल्द्वानी सड़क में हनुमानगढ़ के समीप सड़क किनारे व आसपास के क्षेत्रों में ट्रकों से निर्माण सामग्री रेता बजरी जमा की जा रही है। वहीं स्थानीय ठेकेदार रोजाना सड़क किनारे भारी मात्रा में रेताए बजरी व पत्थर उतार रहे हैं। जहां से पिकअप में भरकर निर्माण सामग्री नगर में भेजी जा रही है। लेकिन सामग्री उतारने भरने के दौरान कई बार रेता सड़क में बिखर रही है। जिससे दो पहिंया वाहन चालकों के गिरने का खतरा बन रहा है। मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि स्थनीय लोगों द्वारा सड़क किनारे उतारा गया रेता कई बार विभागीय जेसीबी से हटाया गया है। बताया कि सड़क पर निर्माण सामग्री उतारते पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### बदलते मौसम में बच्चों का रखें विशेष ध्यान: डॉ. मेर

**नैनीताल** । नैनीताल के मौसम में बदलाव दिखने लगा है। बदलते मौसम में लोग बीमार भी पडने् लगे हैं। बच्चों पर मौसम का ज्यादा प्रभाव दिख लगा है। बीडी पांडे अस्पताल में भी बदलते मौसम के चलते बीमार बच्चे आने लगे हैं। बीमार बच्चों को उपचार देने के साथ उनके परिजनों को बच्चों के विशेष ध्यान देने की राय भी दी जा रही है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल के मौसम में बदलाव नजर आने लगा है। ठंड के बीच दिन में हल्की उमस महसूस हो रही है। ऐसे में लोगों के स्वस्थ्य प्रभावित होने की भी संभावना बनी हुई है। बीडी पांडे अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह मेर ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों के बीमार पडने् की संभावना ज्यादा रहती है। बदलते मौसम में बच्चों को सर्दीए जुखाम तथा बुखार हो सकता है। उन्होनें बताया कि बदलते मौसम में माता पिता अपने बच्चों का विशेष ध्यान दें। बताया कि बच्चों को बीमारी से दूर रखने के लिए जंक फूड से दूर रखना भी जरूरी है। साथ ही बच्चों की साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। बच्चे के बीमार पडने् पर डाक्टरी सलाह जरूर लें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## उत्तराखण्ड बार काउंसिल के 23 सदस्यों हेतु कल होगा मतदान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड बार काउंसिल के 23 सदस्यों के लिए 17 फ रवरी (मंगलवार) को होने वाले चुनाव के लिये राज्य के सभी जिला एवं सिविल न्यायालयों की बार एसोसिएशनों को मतदान केन्द्र बनाया गया है।

इस चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए शासन ने विभिन्न स्थानों पर तैनात एसडीएम और तहसीलदारों को मुखय मतदान अधिकारी के रूप में सेवाएँ देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बार काउंसिल के मुखय निर्वाचन अधिकारी पूर्व न्यायाधीश रामऔतार सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए जिलाधिकारी अपने संबंधित जिलों के मतदान केन्द्रों पर मतदान अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। चुनाव से पूर्व मतदाता सूची और अन्य आवश्यक सामग्री जिला मुखयालयों को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदान संपन्न होने के तुरंत बाद सभी सीलबंद मतपत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज विशेष वाहकों के माध्यम से नैनीताल कलब नैनीताल भेजे जाएंगे ताकि 20 फ रवरी (शुक्रवार) से मतगणना का कार्य प्रारंभ किया जा सके।मतदान केन्द्रों की व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक 200 अधिवक्ताओं के लिए एक पृथक मतदान केन्द्र और कम से कम एक चुनाव प्रकोष्ठ (वोटिंग कंपार्टमेंट) अनिवार्य होगा।

मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए इन प्रकोष्ठों को तीन तरफ से पर्दों या चादरों से ढका जाएगा साथ ही मतदान केन्द्र के भीतर पर्याप्त रोशनी और लेखन कार्य के लिए उपयुक्त टेबल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## कीवी की खेती करने के सही तरीके बताए:डा.पुरोहित

**नैनीताल।** नैनीताल के आसपास बंदर व लंगूरों से परेशान होकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने खेती व बागवानी कम कर दी है जिसको देखते हुए उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद क्षेत्रीय केंद्र पटवाडांगर की ओर से काश्तकारों को कीवी की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है, साथ ही कीवी की खेती करने के सही तरीके बताए जा रहे हैं। जिसके लिए कृषकों को समय समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जैव प्रोद्योगिकी संस्थान के प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से सही जानकारी प्राप्त कर किसान कीवी को आर्थिकी का साधन बना सकते हैं। बताया कि पहाड़ों में समुद्र तल से एक हजार से दो हजार मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कीवी पैदा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कीवी फल में बहुत से औषधीय गुण पाये जाते हैं । यह फल कई रोगों का निवारण करता है और इसको बंदर या लंगूर भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

# अभिमत

## अधूरा स्पष्टीकरण

*वर्तमान में लगे डिजिटल मीटर में क्या कमी है, यह बताया जाना चाहिए। जब उत्तराखंड राज्य नहीं बना था और उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, तब मैन्यूअल मीटर थे। मैन्यूअल मीटर को हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये तो उनमें शिकायत मिली। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। शिकायत वाले मीटर हटाकर दूसरी कंपनी को ठेका दिया गया। दूसरी कंपनी के मीटरों को त्रुटिरहित बताया गया। अब उन्हीं मीटरों को हटाया जा रहा है। उपभोक्ता से मीटर का चार्ज नहीं लेने की बात सच नहीं है।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद बिजली को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। राज्य में पांच बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। दो बार कांग्रेस और तीन बार भाजपा को मतदाता ने सत्ता का मौका दिया है। वर्तमान में भाजपा सत्ता में है। दोनों दलों की सरकार में विपक्ष बिजली के मामले में सरकार को घेरने का प्रयास करता रहा है। विपक्षी दल कांग्रेस प्रीपेड और स्मार्ट मीटर को लेकर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। किच्छा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रीपेड मीटरों को भवनों से उतार कर सड़क पर फेंक दिया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने रुद्रपुर से भाजपा के विधायक तथा अन्य लोगों के सामने स्पष्ट किया कि प्रीपेड नहीं, स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने का उपभोक्ताओं से कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर से विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। यह स्पष्टीकरण अधूरा है। वर्तमान में लगे डिजिटल मीटर में क्या कमी है, यह बताया जाना चाहिए। जब उत्तराखंड राज्य नहीं बना था और उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, तब मैन्यूअल मीटर थे। मैन्यूअल मीटर को हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये तो उनमें शिकायत मिली। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। शिकायत वाले मीटर हटाकर दूसरी कंपनी को ठेका दिया गया। दूसरी कंपनी के मीटरों को त्रुटिरहित बताया गया। अब उन्हीं मीटरों को हटाया जा रहा है। उपभोक्ता से मीटर का चार्ज नहीं लेने की बात सच नहीं है। नये मीटर ऊर्जा निगम खरीद रहा है। ऊर्जा निगम किसी न किसी तरह उपभोक्ता से ही रकम वसूल करेगा। ऊर्जा प्रदेश बनाने का दावा राज्य बनने की रजत जयंती होने पर 25 साल में भी पूरा नहीं हुआ है। उत्तराखंड की विद्युत परियोजनाएं राज्य की जरूरत के अनुरूप बिजली उत्पादन नहीं कर पा रही हैं। राज्य को सेंटरपूल से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। बाहर से खरीदी गई अधिक मूल्य की बिजली का बोझ भी उपभोक्ता पर पड़ रहा है। राज्य के पास सिर्फ पनबिजली परियोजनाएं हैं। मौसम के अनुसार पानी की कमी और बरसात में नदियों में सिल्ट आने से टरबाइन नहीं चल पाती हैं। जलविद्युत संयंत्र ठप हो जाते हैं। ऊर्जा प्रदेश में विद्युत संकट और अव्यवस्था के लिए दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। ऊर्जा निगम में स्थायी कर्मचारी हटाकर ठेके पर बिजली का काम दे दिया गया है। विद्युत व्यवस्था में आमूलचूल सुधार की जरूरत है।

# काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर लगातार चोरी की वारदातें, जीआरपी-आरपीएफ अलर्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर दो दिनों के भीतर चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों मामलों में अज्ञात चोर यात्रियों का कीमती सामान लेकर फरार हो गए, जिसके बाद जीआरपी और आरपीएफ ने जांच तेज कर दी है।

**पहली घटना-** जानकारी के अनुसार मेरठ निवासी असीम गिरीश सक्सेना पुत्र गिरीश नारायण सक्सेना रानीखेत एक्सप्रेस से दिल्ली से काठगोदाम की यात्रा कर रहे थे। 14 फरवरी की प्रातः लगभग 5 बजे जब ट्रेन काठगोदाम स्टेशन पहुंची और उनकी नींद खुली, तो उन्होंने पाया कि उनका नीले रंग का मीडियम साइज ट्रॉली बैग गायब है। बैग में घड़ी, दो मोबाइल चार्जर, कपड़े, जूते सहित अन्य कीमती सामान रखा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी/आरपीएफ थाना काठगोदाम को दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 से एक संदिग्ध व्यक्ति ट्रॉली बैग ले जाते हुए स्पष्ट दिखाई दिया। पीड़ित ने फुटेज की रिकॉर्डिंग अपने मोबाइल में सुरक्षित कर व्हाट्सएप के माध्यम से जीआरपी को उपलब्ध करा दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दूसरी घटना-** एक अन्य मामले में प्रयागराज निवासी मंगल सिंह अपनी पत्नी प्रज्ञा सिंह के साथ देहरादून काठगोदाम एक्सप्रेस से देहरादून से काठगोदाम आ रहे थे। 15 फरवरी को सुबह लगभग 7:05 बजे जब ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर पहुंची, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रज्ञा सिंह का पिट्ठू बैग चोरी कर लिया। बैग में मोबाइल, लैपटॉप, ब्लैक पावर बैंक, ब्लूटूथ बड्स, चार्जर और एक लेडीज पर्स था। पर्स में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड, पासबुक सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी काठगोदाम मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस द्वारा स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### पुलिस की सख्ती और यात्रियों से अपील

जीआरपी काठगोदाम ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन जारी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा के दौरान अपने सामान की विशेष निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें।

## जंगल की आग के होटल की ओर बढ़ने से मची अफरातफरी

**अल्मोड़ा।** फायर सीजन शुरू होते ही अल्मोड़ा के जंगलों में आग धधकना शुरू हो गई है। अल्मोड़ा- सोमेश्वर हाईवे पर कोसी के पास जंगलों में आग भड़क गई। आग के तेजी से जंगल के पास स्थित एक होटल की ओर बढ़ने से वहां अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर सर्विस और वन विभाग की टीम ने एक घंटे बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इससे एक हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में वन संपदा आग की भेंट चढ़ गई। जिले में फायर सीजन के पहले ही दिन कोसी से जंगलों में दोपहर दो बजे आग भड़क गई। आग तेजी से पास ही एक होटल की तरफ बढ़ने लगी। इससे होटल स्वामी और होटल पर रह रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फौरन फायर सर्विस स्टेशन अल्मोड़ा और वन विभाग को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची टीमों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्या ने बताया कि आग नाप भूमि पर लगी थी लेकिन फिर भी टीम को आग बुझाने के लिए मौके पर भेजा गया। कहा कि अधिकतर मामलों में नाप भूमि से आग आरक्षित भूमि पर फैलती है। उन्होंने लोगों से जंगलों को वनाग्नि से बचाने के लिए विभाग का सहयोग देने की अपील की है।

## पुलिस स्कूली बच्चों को दे रही साइबर ठगी से बचने की जानकारी

**नैनीताल ।** नैनीताल में पुलिस की ओर से स्कूलों में गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को साइबर फ्रॉड की जानकारी दी जा रही है। तल्लीताल व मल्लीताल पुलिस की ओर से कई स्कूलों में बच्चों को साइबर ठगी व उससे बचाव की जानकारी दी जा रही है। बता दें कि मोबाइल फोन के इस दौर में रोजाना कई लोगों के साथ साइबर ठगी हो रही है।

बता दें साइबर ठगी को रोकने के लिए पुलिस की ओर से लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए पुलिस स्कूली बच्चों को साइबर ठगी की जानकारी देने के साथ उसके उपाय भी बता रही है। एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि तल्लीताल व मल्लीताल क्षेत्र के कई स्कूलों में साइबर ठगी पर गोष्ठी की जा रही है। गोष्ठी में बच्चों को मोबाइल का सही इस्तेमाल करनेए किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक में कलिक न करने व किसी सस्ती सेल के चक्कर में किसी भी ऑनलाइन साइट से कोई चीज न खरीदने की सलाह दी जा रही है। साथ ही किसी फोन कॉल पर अपनी कोई भी बैंक का दस्तावेज संबंधी जानकारी न देने की सलाह भी दी जा रही है।

# पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पीसी गोरखा पहुंचे नैनीताल विधानसभा के कांडा गांव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम काडा पहुंचे सूबे के पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पी सी गोरखा ने ग्रामीणों से संवाद कर आँखों देखी व कानों सुनी बातों का मौके पर जाकर लिया जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क पर गड्ढों पर सड़क उबड खाबड़ हिलोरे खाती जान जोखिम में डालकर ग्रामीण यात्रा करने पर मजबूर हैं । गोरखा ने इस दौरान कहा कि विकास तो निरंतर प्रकिया होती है किन्तु विधायक व सांसद को क्षेत्र की समस्याओं को देखने के लिए ग्रामीणों के बीच जाकर भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान से देखना व समझना बहुत ही जरूरी होता है परंतु वर्तमान समय में वास्तव में सब कुछ रामभरोसे ही चल रहा है कहा कि जब यह क्षेत्र मुक्तेश्वर विधानसभा में था तब डौन परेवा से डोमास तक सड़क का निर्माण हुआ था उससे आगे पूर्व विधायक संजीव आर्य ने चार किमी सड़क का निर्माण फ फडिया तक करवाया गया था जो अब भी कच्चा मार्ग ही पिछले पाँच वर्षों में विकास



अवरुद्ध हो गया है ।ग्रामीण अपने आप को ढगा सा महसूस कर रहे हैं । कहा कि काडा से खौला ब्लाक मुखयालय को जोडने वाली सड़क पर भी कोई कार्यवाही नही हो पा रही है ।

पूर्व दर्जा धारी गोरखा ने कहा कही बार मुखयमंत्री से राजमार्ग 71 भंडारपानी से अमगढी बोहरा कोट गोरिया देव डौन परेवा ओखलाढूंगा तल्ली सेटी एकांडा फफड़िा से डोन परेवा तक मोटर मार्ग पर हॉटमिस की माँग की जा चुकी है । कहा कि मार्ग निर्माण से यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत अच्छा मार्ग है विश्वप्रसिद्ध कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बेहतर साबित होगा। परंतु बिना मांगे कुछ नहीं मिलता और हमें अपने अधिकारों के लिए लडना पड़ेगा जिसके संबंध में 17 फ रवरी दिन मंगलवार को एक दिवस डोनपरेवा शिव मंदिर के पास धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान घना नंद, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रधान गोरिया देव मोहन सुयाल, काडा फ फ डिया भुवन चंद्र, इंदर सिंह बोहरा , शेर सिह चौधरी, पानसिह चौधरी, गोपाल सिंह, गुसाई सिंह, जसवंत सिंह, कैलाश आर्या,संजय कुमार, पूर्व प्रधान टीकाराम, कुंदन राम, हेम चंद्र, महेंद्र प्रसाद, दीवान,टीका राम, पूर्व प्रधान पान सिंह चौधरी, बलम सिंह नेगी, राम सिंह नेगी,बचे सिंह नेगी, राम सिंह चौरसिया,गजेंद्र सिंह चौरसिया तथा

# जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से सोमवार को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता (ब्ढ़स) और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए। कोर्ट परिसर को तत्काल घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए आसपास के क्षेत्रों की भी गहन जांच की गई।

अज्ञात ईमेल आईडी से भेजे गए इस मेल में दावा किया गया है कि कोर्ट परिसर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं, जो दोपहर करीब 12:15 बजे विस्फोट कर सकते हैं। ईमेल में ईडब्ल्यूएस आरक्षण का उल्लेख करते हुए प्रतिबंधित संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) तथा इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) का नाम भी लिखा गया है। सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि सभी न्यायालयों को इस प्रकार का मेल प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बीडीएस और डॉग स्कायड द्वारा न्यायालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी ली गई है।



## फिल्मी दुनिया

# वैलेंटाइन डे पर रिलीज हुआ 'बैटल ऑफ गलवां' का रोमांटिक गाना



*सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' अरिजीत सिंह की आवाज में जारी हुआ था। अब फिल्म का दूसरा गाना भी रिलीज किया गया है। इस रोमांटिक सॉन्ग 'मैं हूं' को मेकर्स ने आज वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज किया है।*

*मेकर्स की ओर से इस गाने को सोशल मीडिया पर साझा किया है। 'बैटल ऑफ गलवां' का यह रोमांटिक गीत सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया है। 'मैं हूं' एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतजार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाता है। गाने में सलमान और चित्रांगदा के बीच की खूबसूरत केमिस्ट्री भी अच्छी लगती है।*

*इस रोमांटिक गाने में दिग्गज गायिका श्रेया घोषाल और गायक अयान लाल ने अपनी आवाज दी है। अयान ने ही गाने में संगीत भी दिया है और इसे कंपोज किया है। वहीं गाने के बोल अयान लाल और शब्बीर अहमद ने मिलकर लिखे हैं। अब देखना ये है कि 'मातृभूमि' के बाद 'मैं हूं' दर्शकों को कितना लुभा पाता है।*

### 17 अप्रैल को रिलीज

*अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित 'बैटल ऑफ गलवां' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है। जहां भारतीय सैनिकों ने बिना किसी हथियार के चीनी सैनिकों का डटकर सामना किया था।*

# तैयारी:229 करोड़ से बदलेगी शहर की सूरत, बरेली-नैनीताल रोड होंगे हाईटेक

## 24 से 30 मीटर चौड़ी होंगी सड़कें, मिलेगा मॉडर्न लुक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर की ट्रैफिक समस्या और जर्जर सड़कों को अलविदा कहने का वक्त आ गया है! उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) ने 229 करोड़ रुपये का मेगा प्रोजेक्ट लॉन्च कर हल्द्वानी को मॉडर्न सिटी में बदलने की तैयारी कर ली है। इस मास्टरप्लान के तहत नैनीताल रोड और बरेली रोड का चौड़ीकरण, सुंदरीकरण और पुरानी नहर की शिफ्टिंग-कवरिंग जैसे बड़े काम शुरू होने जा रहे हैं।

यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने स्पष्ट कहा कि हॉंडा शोरूम से तीनपानी तक नहर के बगल की सरकारी जमीन खाली कराई जाएगी। ड्रेनेज और यूटिलिटी डक्ट का काम जारी है और जल्द ही नहर शिफ्टिंग व फुटपाथ निर्माण रफ्तार पकड़ेगा।



### अतिक्रमण पर सख्ती

- प्रोजेक्ट की राह में अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है।
- सिंचाई विभाग की 6 फीट जमीन पर निर्माण करने वाले 75 लोगों को नोटिस जारी
- स्वेच्छा से जमीन खाली न करने पर पुलिस-प्रशासन की मदद से कार्रवाई
- सरकारी भूमि हर हाल में कराई जाएगी खाली।

**निष्कर्ष:** 229 करोड़ का यह मेगा प्रोजेक्ट हल्द्वानी की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला साबित हो सकता है। अगर सब कुछवी योजना के मुताबिक चला, तो आने वाले समय में शहर को मिलेगा चौड़ी सड़कें, स्मार्ट ड्रेनेज और मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर का तोहफा।

### इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत

**कालाढूंगी रोड:** कटघरिया से कालू सिद्ध मंदिर तक नया रूप
**नैनीताल रोड:** नरीमन चौराहे से तीनपानी (बरेली रोड) तक चौड़ीकरण
सड़क की चौड़ाई 24 से 30 मीटर तक आधुनिक यूटिलिटी डक्ट, नया ड्रेनेज सिस्टम और आकर्षक फुटपाथ
अब जाम से राहत और सफर होगा पहले से ज्यादा आरामदायक।

### नहर होगी शिफ्ट, ऊपर बनेगा शानदार फुटपाथ

हॉंडा शोरूम तिराहे से तीनपानी तक मौजूद सिंचाई विभाग की पुरानी नहर अब बदलेगी अपनी जगह।

नहर के किनारे बची 6 फीट सरकारी जमीन में इसे शिफ्ट किया जाएगा

शिफ्टिंग के बाद नहर को ऊपर से पूरी तरह कवर किया जाएगा

कवरिंग के ऊपर बनेगा चौड़ा और सुरक्षित फुटपाथ

इससे पैदल यात्रियों को राहत मिलेगी और सड़क भी ज्यादा चौड़ी और व्यवस्थित नजर आएगी।

## News कॉर्नर

### मंडी में दुकानों का बढ़ाया गया किराया

काशीपुर। मंडी समिति परिसर में स्थित आढ़तियों की दुकानों के किराए में वृद्धि की गई है। प्रत्येक पांच साल में दुकानों के किराए में 20 फीसदी की वृद्धि की जाती है। समिति में अनाज, फल, सब्जी के आढ़तियों की 60 से 70 दुकानें है।
मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि मंडी समिति में दुकानों के किराए में वृद्धि की गई है। यह किराया वृद्धि उन दुकानदारों की गई है जिनकी दुकान पर पांच साल पहले किराया वृद्धि हुई थी। मंडी में दुकानों को किराया एक हजार रुपये से 3500 रुपये तक हैं। बताया कि मंडी की आय को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मंडी समिति में किसान बाजार बनाया जा रहा है, जो तीन से चार माह में बनकर तैयार हो जाएगा। किसान बाजार से मंडी की आय में वृद्धि होगी, वहीं किसानों को भी बाजार में हर प्रकार की वस्तुएं मिलेंगी।

### अधिकारी, कर्मचारियों की कमी से जूझ रही सीपीयू

रुद्रपुर। रुद्रपुर और काशीपुर में यातायात नियमों का पालन कराने का जिम्मा संभाल रही सिटी पेट्रोल यूनिट (सीपीयू) अधिकारी, कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है। कार्मिकों की कमी का असर वाहनों की निगरानी पर पड़ रहा है।आरक्षी के 28 पदों में से पांच रुद्रपुर और तीन काशीपुर में तैनात हैं। 20 पद रिक्त हैं। सीपीयू में हेड कांस्टेबल के पद सजित नहीं हैं। 10 मुख्य आरक्षी रुद्रपुर तो पांच मुख्य आरक्षी काशीपुर में तैनात हैं। सीपीयू पर नगर की यातायात व्यवस्था पर नजर रखने का जिम्मा है। कार्मिकों की कमी के कारण इसमें दिक्कत आती है।
क्षेत्राधिकारी यातायात प्रशांत कुमार का कहना है कि सीपीयू में कार्मिकों की तैनाती पुलिस मुख्यालय से होती है। समय-समय पर रिक्तियों की सूचना मुख्यालय को दी जाती है।

# हल्द्वानी में सट्टा कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, तीन लोग गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी के कब्जे से नगदी, सट्टा पर्चियां व अन्य सामग्री बरामद की गई है। आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**गौला पार्किंग क्षेत्र में दो गिरफ्तार:** थाना बनभूलपुरा पुलिस ने शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गोला बाईपास रोड स्थित गौला पार्किंग क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाई की।

पहली कार्रवाई में कांस्टेबल नरेन्द्र गिरी व कांस्टेबल शिवम कुमार ने सायं गश्त के दौरान गौला पिकेट के पास इस्लाम की झोपड़ी के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अखलाक हुसैन निवासी लाइन नंबर 17, लाल मस्जिद के पास, आजादनगर, बनभूलपुरा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पर्चियां व 1240 रुपये नगद बरामद हुए।

दूसरी कार्रवाई में कांस्टेबल हेम चन्द्र डालाकोटी व कांस्टेबल मोहम्मद यासीन ने गोलापुल से इन्द्रानगर फाटक की ओर गश्त के दौरान यात्री टिन शेड के पास एक व्यक्ति को सट्टा लेते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम शोहेल अख्तर निवासी लाइन नंबर 17, बनभूलपुरा बताया। उसके कब्जे से सट्टा पर्चियां व 1670 रुपये नगद बरामद किए गए।

### मंगल पड़ाव में एक और आरोपी पकड़ा गया

इसी क्रम में मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर टेम्पो स्टैंड मंगल पड़ाव के पास एक युवक को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया। घेराबंदी के दौरान आसपास खड़े लोग मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राकेश सक्सेना पुत्र नत्थू लाल, निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी बताया। तलाशी में उसके पास से सट्टा पर्चियां व 1250 रुपये नगद बरामद हुए। सार्वजनिक स्थान पर सट्टा संचालन का लाइसेंस मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा आमजन से ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

# नैनीताल में सैलानियों की आमद बढ़ने से रौनक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों की आमद बढ़ने से नगर में रौनक रही। रविवार को नगर पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आवाजाही बनी रही। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार आने वाले दिनों में पर्यटन गतिविधियां सामान्य रहने वाली है।वीकेंड के कारण शुक्रवार शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार दोपहर तक जारी रहा।

बता दें नैनीताल में दिल्ली एनसीआर तथा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सैलानी पहुंचे हुए हैं। इस बीच नगर के आंतरिक पर्यटन स्थल स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वॉटर फ ॉल, केव गार्डन तथा चिडि?ाघर समेत हनुमानगढ़ी में पूरे दिन बड़ी संखया में सैलानियों की आवाजाही रही, जबकि मालरोड सैलानियों में भी भीड़ देखी गई। नौका विहार करने वालों की संखया में वृद्धि रही तो घुड़सवारी के शौकीन टूरिस्ट बारा पत्थर पहुंचे हुए थे। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार इस वीकेंड में सैलानियों की आमद में कुछ हद तक बढ़ोतरी रही है। आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद बनी रहेगी। पर्यटन गतिविधियां सामान्य रहेगी। मार्च दूसरे सप्ताह के बाद ही सैलानियों की आमद में अधिक वृद्धि की संभावना की जा सकती है।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में स्वागत समारोह

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा की छोटी रोड, इंद्रानगर स्थित मो. निहाल के निवास पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. वारसी को ओबीसी आयोग का सदस्य बनाए जाने पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर इसरार हुसैन का भी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. वारसी का आयोग में मनोनयन समाज के लिए गौरव का विषय है। उनके अनुभव, कार्यकुशलता और सामाजिक प्रतिबद्धता से पिछड़े वर्गों के हितों को सशक्त दिशा मिलेगी। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता एवं समर्पण के साथ करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर महामंत्री फहीम रिज़वी ने किया, जबकि स्वागत व्यवस्था की जिम्मेदारी भाजपा नगर महामंत्री मनीष पाल ने निभाई। समारोह की अध्यक्षता हज कमेटी सदस्य तरन्नुम खान ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. वारसी का नया दायित्व समाज के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर जियाउद्दीन कुरैशी, लाल मोहम्मद, अमीर हुसैन, जुनेद आलम, मोसिन शाहदब हुसैन, फकरुद्दीन, आबिद खान, साजिद खान, मुन्ना, रिजवान हुसैन एवं इरफान हुसैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नैनीताल में हो रहा निजी वाहनों से टैक्सी का कारोबार

नैनीताल । नैनीताल शहर में निजी वाहनों से लोग धड़ल्ले से टैक्सी का काम कर रहे हैं। इससे टैक्सी कारोबारी भी परेशान हैं। लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग पुलिस की आंख में धूल झोंक कर निजी वाहन को टैक्सीके रूप में चला रहे हैं।

मामले में एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि निजी वाहनों से टैक्सीका काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# लापता युवती बरामद, आरोपी पर सख्त धाराएं लगाने की तैयारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के तहत गरमपानी- खैरना गरमपानी क्षेत्र से एक युवती के घर से चले जाने के प्रकरण में भवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक और युवती को जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) से बरामद कर लिया है। मामले में युवती के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट व अन्य संबंधित धाराएं बढ़ाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार युवती लगभग तीन माह पूर्व युवक के साथ घर से चली गई थी। युवक के परिजनों द्वारा साथ रखने से इनकार करने पर युवक ने बिजनौर में किराये का कमरा लेकर युवती को अपने साथ रखा। युवती ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि विवाह का आश्वासन देकर उसे साथ रखा गया और शादी की बात करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। युवती ने अपने माता पिता के साथ जाने की इच्छा जताई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भवाली प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि गठित दो पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास कर दोनों को सकुशल बरामद किया गया। युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है तथा नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा। दूसरी ओर इसी संबंध में भावना मेहरा (निवर्तमान प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा) के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता रविवार को भवाली कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक मेहरा से मामले की जानकारी ली। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने और युवती को बरामद करने पर कार्यकर्ताओं ने पुलिस टीम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# विश्व पैरा बैडमिंटन: बहरीन में चिराग और मनदीप ने जीता कांस्य पदक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बहरीन के मनामा में संपन्न हुई विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहराया है। काशीपुर के चिराग बरेठा और बाजपुर की मनदीप कौर की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है।

8 से 14 फरवरी तक बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तराखंड के तीन खिलाड़ियों मनोज सरकार, चिराग बरेठा और मनदीप कौर ने हिस्सा लिया था। मिक्स्ड डबल्स के निर्णायक क्वार्टर फाइनल मैच में चिराग और मनदीप ने इंडोनेशिया की कड़ी चुनौती को ध्वस्त करते हुए जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही दोनों खिलाड़ियों ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। हालांकि, दिग्गज खिलाड़ी मनोज सरकार इस बार पदक तालिका में स्थान बनाने से चूक गए। चिराग बरेठा ने बताया कि इस सफलता के बाद उनका चयन 16-29 मार्च तक स्पेन में होने वाली आगामी पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के लिए हो गया है। दोनों खिलाड़ी लखनऊ में द्रोणाचार्य अवार्डी कोच गौरव खन्ना से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।



चिराग ने बताया कि पिछले तीन माह से वह इंजरी (चोट) से जूझ रहे थे जिसके कारण उनकी ट्रेनिंग प्रभावित हुई थी। इसके बावजूद पदक जीतना उनके दृढ़ निश्चय को दर्शाता है।